	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साअधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	माघ 1, मंगलवार, *शाके* 1941–जनवरी 21, 2020	
	Magha 1, Tuesday, Saka 1941–January 21, 2020	

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायो के लिए टेन्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

कार्यालय सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र.एवं नि.). अजमेर

अधिसूचना

अजमेर, जनवरी 06, 2020

संख्या रा.रा.वि.प्र.नि./स.मु.अभि.(प्र.ए.नि.)/अजमेर/संस्था./फा./प्रे 1353:- भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 अनु-164 एवं भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 (केन्द्रीय अधि. 13/1885) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 28.2.2004 जिसे राजस्थान के राजपत्र में दिनांक 08.03.2004 को एस.ओ. 408 पृष्ठ 393 (13) भाग 4(जीए) तदोपरान्त राजस्थान सरकार द्वारा जारी संशधित अधिसूचना सं. एफ.15 (4) ऊर्जा/2017 दिनांक 03.10.17 जिसे राजस्थान राजपत्र में दिनांक 09.10.2017 को प्रकाशित किया गया। जिसके अनुसार सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र. एवं. नि.) राराविप्रनिलि, अजमेर/जयपुर/जोधपुर को उनके अधिकार क्षेत्र में बिजली के प्रसारण के लिए या काम के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से बिजली की लाइनों या बिजली संयत्रों को खड़ा करने के लिए मार्ग-अधिकार अथार्त राइट ऑफ़ वे की उपयुक्त मंजूरी जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है। अतः उक्त अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरित सक्षम अधिकारी बिजली की आपूर्ति हेतु **132 के वी ग्रिड सब स्टेशन रीको ग्रोथ सेंटर, हमीरगढ़ से मेसर्स आर एस डब्लू एम् लिमिटेड, कानया खेरी (भीलवाड़ा) तक 132 के वी एकल परिपथ लाइन के निर्माण के लिए मार्ग-अधिकार अथार्त राइट आफ वे** की उपयुक्त मंजूरी जारी करते है।

उक्त एकल परिपथ लाईन निम्नलिखित गांवो की सीमा/राजस्व क्षेत्र के भीतर से गुजरेगी।

क्र. सं.	गांवो के नाम	क्र. सं.	गांवो के नाम	क्र. सं.	गांवो के नाम
1	स्वरूपगंज	4	कीरो की झोपड़िया	7	बिलियाँ कलां
2	नारायणपुरा	5	हमीरगढ़	8	खैराबाद
3	बराटिया	6	कान्याखेड़ी		

नरेन्द्र सुवालका,

सम्भागीय मुख्य अभियन्ता (प्र.एवं नि)

रा.रा.वि.प्र.नि.लि, अजमेर